E-Filling

सेवा में,

मानानीय अध्यक्ष महोदय,
राष्ट्रीय हरित प्राधिकार पूर्वी क्षेत्र पीठ
( N.G.T. East Zone ) कोलकत्ता ।

**Original Application No. - 21/2025/EZ**
**(Earlier O.A. No. 02/2025/PB)**

दीक्षा भारती ..................................................................................आवेदिका

बनाम्

बिहार राज्य एवं अन्य ......................................................................प्रतिवादीगण

प्रतिवादी सं0-4 नगर आयुक्त, नगर निगम सहरसा के जवाबी हलफनामे के विरूद्ध आवेदिका का आपत्ति ।

सविनय आवेदन दाखिल तरफ से आवेदिका दीक्षा भारती वास्ते विवादित स्थल का स्थलीय जाँच SIT गठित कर कराने के संबंध में प्रार्थना पूर्वक निवेदन है कि -

महाशय,

प्रस्तुत मामले में जो प्रतिवादीगण / विपक्षीगण ने अपना प्रति शपथ-पत्र बयान दाखिल किये है उनका प्रति शपथ-पत्र बयान सिर्फ कागजी खानापूर्त्ति के लिए ही दाखिल किया गया है जबकि प्रदूषित तालाब का सफाई का कार्य प्रतिवादी सं0-04 नगर आयुक्त, नगर निगम, सहरसा प्रशासन की जवाबदेही वो जिम्मेवारी है, लेकिन दिनांक 06.07.2026 तक सिर्फ प्रदूषित तालाब के सफाई का कार्य खानापूर्त्ति के लिए किया जा रहा है जबकि कचरा एवं जहरीला दवा एवं मेडिकल अपशिष्ट से तालाब का मिट्टी भी प्रदूषित है । इस हालत में प्रदूषित तालाब की मिट्टी का कटाई करवाने से ही समस्या का निदान होने की संभावना बनती है जबकि अब वारिश का मौसम आने वाला है तथा प्रदूषित तालाब में पानी का स्तर बढ़ जायेगा तथा बढ़ रहा है । तालाब

में प्रदूषित जहरीला पानी एवं उसमें पड़ा मेडिकल का कचरा जैसे सिरिंज, दवाई का बोतल, पैड, मेडिकल अपशिष्ट एवं आई.भी. कैप एवं अन्य जानलेवा कचरा से तलाब भरा पड़ा है जिसकी सफाई 2 फीट मिट्टी काटकर हटाने से ही संभव है लेकिन प्रतिवादी सं0-04 जो उक्त कार्य के लिए जवाबदेह वो जिम्मेवार है जिनके द्वारा प्रदूषित जहरीला पानी से भरा तालाब का कचरा, पानी निकालने का कार्य एवं मिट्टी कटाई का कार्य नहीं किया गया है जिसका स्थलीय जाँच करना वो करवाना माननीय प्राधिकार के द्वारा अति आवश्यक है। जिससे सच्चाई सामने उजागर हो सकती है। इस आवेदन के साथ शपथ-पत्र बनाकर ई-फाईलिंग कर रही हूँ। पूर्व में भी दिनांक 18.05.2026 को ई-फाईलिंग की माध्यम से इस संबंध में शपथ-पत्र दाखिल कर चुकी हूँ साथ ही प्रदूषित तालाब का विडियो एवं ऑडियो (पेन ड्राईव) में स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 24.02.2026 को भेजी जा चुकी है।

अतः प्रार्थना है कि आवेदन में वर्णित तथ्यों पर सहानुभूतिपूर्वक वो गंभीरता से विचार करने उपरांत प्रदूषित जहरीला पानी से भरा तालाब का जाँच-पड़ताल SIT गठित कर करने वो करवाने के उपरांत ही मेरे वाद का निष्पादन करने की असीम कृपा की जाय। इसके लिए सदा आभारी बनी रहूँगी।

विश्वासभाजिका

दीक्षा भारती

07/07/2026

दीक्षा भारती ... सं0-13 ... निगम सहरसा

आवेदिका

(दीक्षा भारती)

वार्ड पार्षद, वार्ड नं0-13

नगर निगम, सहरसा।

पिन - 852201

मो0 - 9199990461

ई-मेल - chandansinghbjp04@gmail.com

सत्यापन :

मैं दीक्षा भारती धर्म पूर्वक सत्यापित करती हूँ कि इस आवेदन में वर्णित तथ्य बिल्कुल सही वो सत्य है।

दीक्षा भारती

07/07/2026

आवेदिका

दीक्षा भारती

वार्ड पार्षद, वार्ड सं0-13

नगर निगम सहरसा

स्थान - सहरसा

दिनांक - 07/07/2026

WELFARE STAMP
बिहार BIHAR
पचास रुपये Rs. Fifty

SPECIAL ADHESIVE

Affidavit No- 6855 Date 7/7/2026

समक्ष में,

लेख्य प्रमाणक, सहरसा ( बिहार )

Amrendra Kumar Trivedi
NOTARY PUBLIC
Civil Court, Saharsa

## शपथ पत्र

मैं दीक्षा भारती उम्र करीब 30 वर्ष, वार्ड पार्षद, वार्ड नं0-13, नगर निगम, सहरसा थाना वो जिला सहरसा, राज्य-बिहार धर्म से शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि -

1- यह कि मेरा नाम वो पता सही वो सत्य है ।

2- यह कि मेरे द्वारा दिनांक 07.07.2026 को माननीय अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण पूर्वी क्षेत्र पीठ ( N.G.T. East Zone ) कोलकत्ता के समक्ष एक आवेदन स्थलीय जाँच हेतु **Original Application No. - 21/2025/EZ (Earlier O.A. No. 02/2025/PB)** पूर्वी क्षेत्र अन्तर्गत ई-फाईलिंग द्वारा दाखिल किया जा रहा है जिसमें वर्णित सभी तथ्य मेरी जानकारी में सही वो सत्य है । इस वास्ते यह शपथ पत्र बना कर मुल आवेदन के साथ ई-फाईलिंग कर रही हूँ ।

पुनः धर्म से शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित बयान सही वो सत्य है जिसे पढ़कर समझकर सही लिखा पाकर स्वस्थ मन की दशा में शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर बना दी ।

NOTARY
Name:- Amrendra Kr. Trivedi
Area:-Saharsa
Reg. No:-1276/2003
Expiry Date
18-04-2028
GOVT. OF BIHAR

दीक्षा भारती
07/07/2026
शपथकर्त्ता

द्वारा

अधिवक्ता

Sri /Smt Diksha Bharti
Who is identified by
Advocate Saharsa Affirmed &
decleared before me.

Amrendra Kumar Trivedi
NOTARY PUBLIC
Civil Court, Saharsa
7.7.26

7.7.26

# National Green Tribunal

| | |
|---|---|
| Case Title | Diksha Bharti Vs. State of Bihar through Secretary Environment Forest and Climate Change Department |
| Miscellaneous No. | 1902131000492025/11 |
| Transaction id | 1900210124512026 |
| Bank Transaction id | 1805260031289 |
| Payment Date | 2026-05-18 00:00:00.0 |
| Amount | 100 Rs. |
| Status | Transaction is completed successfully |


| S. No. | File Name | Party Name | Location | Document Type |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01_Affidavit_001_1779090029746.pdf | Diksha Bharti | KOLKATA (EASTERN ZONE BENCH) | Affidavit |

**Date & Time : - Mon May 18 13:11:41 IST 2026**

PREVIEW AND CONFIRM FOR FINAL SUBMISSION

FEES SECTIONS

| Document Fees Section | | | |
|---|---|---|---|
| **Sr. No.** | **Document Name** | **Document Type** | **No. of Pages** |
| 1 | 01_Affidavit_001_1779090029746.pdf | Affidavit | 23 |
| | | Total Pay Amount: | **100 ₹** |




/EZ

................................................ आवेदक

बनाम

न्य............................................ प्रतिवादी

गम, सहरसा के जवाबी हलफनामे के विरूद्ध आवेदक का प्रत्युत्तर।

Amrendra Kumar Trivedi
NOTARY PUBLIC
Civil Court, Saharsa

## शपथपत्र

मैं दीक्षा भारती, वार्ड पार्षद – वार्ड नं0 – 13, नगर निगम, सहरसा उपरोक्त मामले की आवेदिका है, सत्यनिष्ठा से प्रतिवादी संख्या 4 द्वारा प्रस्तुत हलफनामे के विरूद्ध निम्नलिखित प्रत्युत्तर प्रस्तुत करती हूँ –

1. **सफाई के दावों का खंडन (Refutation of Para 10)** – प्रतिवादी का यह दावा कि तालाब को 'व्यापक और सुक्ष्मता' से साफ किया गया है जो पूरी तरह भ्रामक है, जबकि धरातल पर तालाब में गाद और जलीय खरतवार अभी भी मौजूद है, दुषित जहरीला पानी को हटाए बिना कार्य किया जा रहा है।
2. **सीवेज लाइनों पर असत्य कथन (Contradiction of Para 7 & 8)** – प्रतिवादी का यह कहना है कि तालाब में कोई सीवेज प्वाइन्ट नही है जो गलत है। स्थानीय अस्पतालो और घरो का गंदा पानी अभी भी अनौपचारिक स्रोतो से तालाब में जा रहा है, जिससे वातावरण प्रदुषित हो रहा है जो कई नई गंभीर बिमारी का कारण बन गया है एवं पोखर को निरंतर क्षति हो रही है।
3. **निगरानी तंत्र का अभाव (Refutation of Para 11)** – सी.सी.टी.वी. (C.C.T.V) और चेतावनी बोर्ड लगाने के दावे केवल खानापूर्ति है, तालाब क्षेत्र में कचरा फेकने वालो पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है, जैसा कि वैधानिंक प्रावधानो में वर्णित है।
4. **सौंदर्यीकरण और तकनीकि अनुमोदन में देरी (Response of Para 17)** – प्रतिवादी ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है न ही सीढ़ियो का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है और जो भी निर्माण हो रहा है उसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, केवल न्यायालय के कार्यवाही से बचने के लिए कार्य शुरू कर देने का बहाना बना रहे है।

दैनिक भास्कर
सहरसा-मधेपुरा / सुपौल भास्कर
27-06-2026



**भास्कर एक्सक्लूसिव** मानसून की बारिश में हुई देर तो नगर निगम की गड़बड़ी की खुल गई पोल

# टेंडर से बचने के लिए पोखर के काम को 11 टुकड़ों में बांटा, बिना उड़ाही टाइल्स लगाए

भास्कर न्यूज|सहरसा

शहर के न्यू कॉलोनी वार्ड 13 में वर्षों से उपेक्षित और प्रदूषित पोखर के मामले में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के संज्ञान के बाद नगर निगम ने उसके जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया। इसपर 1.5 करोड़ से अधिक खर्च हो रहे हैं। लेकिन टेंडर से बचने के लिए निगम के अधिकारियों ने एक काम को 11 खंडों में बांट दिया।

नियम के अनुसार 15 लाख से अधिक के काम के लिए टेंडर जरूरी है। हालत यह है कि एक सीढ़ी के लिए सात और ग्रिल के लिए चार लोगों में ठेके बांटे गए। मूल काम पोखर की गहराई तक उड़ाही करनी थी। क्योंकि पोखर में शौचालय-सीवर की गाद व कचरा जमा है। लेकिन ऐसा नहीं किया। अधिकारियों को उम्मीद थी कि जून महीने में मानसूनी बारिश शुरू हो जाएगी।

पोखर पानी से भर जाएगा तो पता नहीं चलेगा कि उड़ाही नहीं हुई है। लेकिन बारिश नहीं होने से पोल खुल गई। अब पोखर के चारों ओर सीढ़ी बन गयी है। ग्रिल लग गए हैं। उड़ाही के लिए अंदर मशीन भी नहीं जा सकती है। 8 जुलाई को कोलकाता एनजीटी में इस मामले की सुनवाई होनी है।

**तस्वीर देखकर समझिये...** गाद से भरे सहरसा न्यू कॉलोनी के पोखर के चारों ओर कैसे भ्रष्टाचार के टाइल्स लग रहे हैं



समय पर मानसून की बारिश नहीं हुई तो सहरसा न्यू कॉलोनी के पोखर की गंदगी भ्रष्टाचार की गवाही देने लगी।



फुटपाथ में लग रही तीन नंबर ईंट।

**15 दिन में पूरा होगा काम**

*पोखर के जीर्णोद्धार का काम 15 दिन में पूरा होगा। सिटिंग बेंच, रोशनी और मिट्टी उड़ाही का कार्य बाकी है। विभिन्न टुकड़ों में बांटकर काम को विभागीय स्तर पर किया गया है। कुछ काम टेंडर के माध्यम से हो रहा है।* – अभिसार कुमार, ठेकेदार सह सह प्रबंधक, नगर निगम

## एक ही पोखर की योजना को ऐसे 11 टुकड़ों में बांटा

- मध्य उत्तर-पश्चिमी भाग की सीढ़ी का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण
- मध्य पश्चिमी भाग की सीढ़ी का जीर्णोद्धार
- दक्षिणी-पश्चिमी भाग की सीढ़ी का जीर्णोद्धार
- उत्तर-पूर्वी भाग की सीढ़ी का जीर्णोद्धार
- मध्य-पूर्व भाग की सीढ़ी का जीर्णोद्धार
- दक्षिण-पूर्व भाग की सीढ़ी का जीर्णोद्धार
- उत्तर-पश्चिमी भाग की सीढ़ी का जीर्णोद्धार
- उत्तर-पूर्व में ग्रिल से घेराव
- दक्षिण-पूर्व में ग्रिल से घेराव
- दक्षिण-पश्चिम में ग्रिल से घेराव
- उत्तर-पश्चिम में ग्रिल से घेराव

इसलिए निगम आनन-फानन में पैसा बहाकर कागज पर काम पूरा कर रहा है। पोखर पर कोई सूचना बोर्ड तक नहीं लगा है, ताकि पता चले कि कौन-कौन से काम होने हैं। पोखर के किनारे 3 नंबर ईंटों से सोलिंग हो रही है। पूर्व से बनी सीढ़ियों में ही एक-दो ईंट जोड़कर निम्न स्तरीय टाइल्स बैठा दी गई है। वर्ष 2012 में छठव्रतियों की सुविधा के लिए इस 2 बीघा, 5 कट्ठा, 5 धुर के पोखर का निर्माण 30 लाख में हुआ था। सौंदर्यीकरण में 1.5 करोड़ खर्च हो रहे हैं।


221
GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhmm+vq9, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार
852201, भारत
Lat 25.884624° Long 86.5847°
सोमवार, 06/07/2026 10:47 AM GMT +05:30
Google


222
GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhmm+vq9, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार
852201, भारत
Lat 25.884613° Long 86.584693°
सोमवार, 06/07/2026 10:47 AM GMT +05:30
Google


223
GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhmm+vq9, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार
852201, भारत
Lat 25.884613° Long 86.584693°
सोमवार, 06/07/2026 10:47 AM GMT +05:30
Google


224
GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+5vr, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.885537° Long 86.584777°
सोमवार, 06/07/2026 11:00 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+5vr, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.885548° Long 86.584783°
सोमवार, 06/07/2026 11:01 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+5vr, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.885552° Long 86.584779°
सोमवार, 06/07/2026 11:01 AM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Google
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+5vr, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.885559° Long 86.58479°
सोमवार, 06/07/2026 11:01 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+5vr, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.885616° Long 86.584826°
सोमवार, 06/07/2026 11:02 AM GMT +05:30


229
BABA CAR WASH
स्वच्छ सहरसा
सुन्दर सहरसा
GPS Map Camera
Google
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+8r8, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.885645° Long 86.5853°
सोमवार, 06/07/2026 11:03 AM GMT +05:30


230
स्वच्छ सहरसा
सुन्दर सहरसा
नगर निगम सहरसा
स्वच्छ सहरसा
गिला कूड़ा
सुन्दर सहरसा
सुखा कूड़ा
GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+8r8, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.88564° Long 86.585297°
सोमवार, 06/07/2026 11:03 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
सहरसा, बिहार, भारत
Vhpm+5vr, नया बाज़ार, सहरसा, बिहार 852201, भारत
Lat 25.885564° Long 86.584792°
सोमवार, 06/07/2026 11:01 AM GMT +05:30
Google


Nariyar
ta Sachhi
Google
Saharsa, Bihar, India
VHQJ+8GP, Naya Bazar, Saharsa,
Bihar, India, 852201
Lat 25.8884286 Long 86.5811354
Plus Code : 7MQ8VHQJ+9F
Monday, 29/06/2026 05:31 AM
+0530
28.15 °C
219.1° SW
9.73 μT
2.94 m/s
1000 hpa
GPS Photo with Location

Affidavit No. 5059 Date 23/02/2026

WELFARE STAMP ₹25 बिहार BIHAR पच्चीस रुपये Rs. Twenty Five

NOTARY Reg. No:-1... Expiry Date 18-04-2026 GOVT. OF BIHAR

Original Application No. – 21/2025/EZ

In the Matter of :

दीक्षा भारती ........................................................ आवेदक

बनाम

बिहार राज्य एवं अन्य............................................... प्रतिवादी

प्रतिवादी संख्या – 4 नगर आयुक्त, नगर निगम, सहरसा के जवाबी हलफनामे के विरूद्व आवेदक का प्रत्युत्तर।

Amrendra K... ...vedi
NOTARY ...BLIC
Civil Co... ...harsa

## शपथपत्र

मैं दीक्षा भारती, वार्ड पार्षद – वार्ड नं0 – 13, नगर निगम, सहरसा उपरोक्त मामले की आवेदिका है, सत्यनिष्ठा से प्रतिवादी संख्या 4 द्वारा प्रस्तुत हलफनामे के विरूद्व निम्नलिखित प्रत्युत्तर प्रस्तुत करती हूँ –

1. सफाई के दावों का खंडन **(Refutation of Para 10)** – प्रतिवादी का यह दावा कि तालाब को 'व्यापक और सुक्ष्मता' से साफ किया गया है जो पूरी तरह भ्रामक है, जबकि धरातल पर तालाब में गाद और जलीय खरतवार अभी भी मौजूद है, दुषित जहरीला पानी को हटाए बिना कार्य किया जा रहा है।
2. सीवेज लाइनों पर असत्य कथन **(Contradiction of Para 7 & 8)** – प्रतिवादी का यह कहना है कि तालाब में कोई सीवेज प्वाइन्ट नही है जो गलत है। स्थानीय अस्पतालो और घरो का गंदा पानी अभी भी अनौपचारिक स्रोतो से तालाब में जा रहा है, जिससे वातावरण प्रदुषित हो रहा है जो कई नई गंभीर बिमारी का कारण बन गया है एवं पोखर को निरंतर क्षति हो रही है।
3. निगरानी तंत्र का अभाव **(Refutation of Para 11)** – सी.सी.टी.वी. (C.C.T.V) और चेतावनी बोर्ड लगाने के दावे केवल खानापूर्ति है, तालाब क्षेत्र में कचरा फेकने वालो पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है, जैसा कि वैधानिक प्रावधानो में वर्णित है।
4. सौंदर्यीकरण और तकनीकि अनुमोदन में देरी **(Response of Para 17)** – प्रतिवादी ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है न ही सीढ़ियो का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है और जो भी निर्माण हो रहा है उसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, केवल न्यायालय के कार्यवाही से बचने के लिए कार्य शुरू कर देने का बहाना बना रहे है।

NOTARY Amrendra K... Area... Reg. No:-127... Expiry... 18-04-2026 GOVT. OF B...

5. स्वीकारोक्ति (Confession) – प्रतिवादी द्वारा दिनांक 05.02.2026 को ऑडियो प्रचार एवं ZEE Bihar Jharkhand News Channel पर विडियो के माध्यम से दिनांक 12.02.2026 को समाचार कें माध्यम से वक्तव्य देकर पोखर में सिंरिज, दवाई की बोतल, पेड एवं मेडिकल अपशिष्ट मौजुद होने की स्वीकारोक्ति की गई है, जो शपथपत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।
6. जागरूकता अभियानों की असफलता (Refutation of Para 18-22) – प्रतिवादी द्वारा वर्णित I.E.C गतिविधियॉ और डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण वार्ड नं0 – 13 में पूरी तरह विफल है। इसी शिथिलता के कारण निवासी तालाब के पास कचरा फेंकने को विवश है।
7. समय सीमा में अनावश्यक विस्तार (Contradiction of Para 12) – तालाब की बहाली के लिए सितम्बर 2026 तक का समय मांगना प्रतिवादी की कार्य के प्रति अरूचि और अत्यधिक देरी को दर्शाता है, जबकि तत्काल सुधार की मांग करती है।

निष्कर्ष –

प्रतिवादी संख्या 4 द्वारा प्रस्तुत हलफनामा केवल उसकी प्रशासनिक विफलता, कर्तव्यहीनता को ढकने का एक साधन है साथ ही सरकारी पैसे का दुरूपयोग, अपने पद का दुरूपयोग करना है, धरातल का कोई भी कार्य संतोषजनक मानक के अनुरूप पूर्ण नही किया गया है।

प्रार्थना –

अतः माननीय से विनम्र प्रार्थना है कि प्रतिवादी के झुठे दावो को खारीज करने एवं प्रतिवादी पर जुर्माना लगाया जाए और SIT गठन कर तालाब का जीर्णोद्धार कर उसका संपूर्ण सौदर्यीकरण कराया जाए।

सत्यापन –

मैं दीक्षा भारती, वार्ड पार्षद – वार्ड नं0 – 13, नगर निगम, सहरसा सत्यापित करती हूँ कि इस प्रत्युत्तर की सामग्री मेरी जानकारी में सत्य है और कोई भी तथ्य छुपाया नही गया है।

NOTARY
Name:- Amrendra K...
Area:-Sah...
Reg. No:-127...
Expiry Date 18-04-2026
GOVT. OF BIHAR

दीक्षा भारती
23/02/2026
शपथकर्ता

Sri /Smt Diksha Bharti
Who is Identified by
Advocate Saharsa ...irmed &
iecleared befo...

Amren... ...umar Trivedi
N... ...RY PUBLIC ...2.25
...Court,Saharsa

Chandan Kumar Adv
23.2.25

दीक्षा भारती
वार्ड पार्षद
वार्ड नं0– 13,
नगर निगम, सहरसा

आवास :
न्यू कॉलोनी, वार्ड नं0– 13,
सहरसा (बिहार)– 852201
मो0– : 9199990461
Email : chandansinghbjp04@gmail.com

पत्रांक – 05/26, सहरसा दिनांक 23/02/2026

सेवा में,

श्रीमान जिला पदाधिकारी महोदय,

सहरसा ।

विषयः– NGT कोलकाता केस नं. O.A. No- 21/2025/EZ में नगर आयुक्त सहरसा द्वारा दिनांक 15/12/2025 को दाखिल प्रति शपथ–पत्र दावे के अनुरूप न्यू कॉलोनी पोखर का दूषित एवं जहरीला पानी के साथ–साथ मेडिकल कचरा की निकासी नहीं करने के संबंध में ।

प्रसंग :– The National Green Tribunal EASTERN ZONE BENCH Kolkata- Original Application No- 21/2025/EZ

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि मेरे द्वारा वार्ड नं0–13, न्यू कॉलोनी अवस्थित पोखर में मेडिकल कचरा फैलाने से संबंधित NGT में परिवाद दाखिल की गई है, जिसकी सुनवाई NGT कोर्ट में लगातार की जा रही है। जिसमें दिनांक 15/12/2025 को प्रतिवादी सं0–04, नगर आयुक्त, नगर निगम, सहरसा के द्वारा दाखिल की गई प्रति शपथ–पत्र में पोखर में फेंके गए मेडिकल कचरे एवं कचरा के कारण दुषित और जहरीला हुए पानी की निकासी की बात कही गई और पोखर के सौंदर्यीकरण करने की बात भी कही गई, लेकिन प्रतिवादी सं0–04 नगर आयुक्त, सहरसा के द्वारा दिनांक 23.02.2026 आवेदन की तिथि तक मेडिकल कचरा से दुषित हो चुके पानी की निकासी नहीं कर सिर्फ अच्छे सीढ़ी पर तीन नम्बर ईंट बिछाकर माननीय कोर्ट के आँखों में धुल झोकने का काम किया जा रहा है। पोखर के पश्चिम भाग में स्थित डॉक्टर की क्लिनिक से लागातार शौचालय का पानी पोखर में बहाया जा रहा है, जिसका वीडियो और फोटोग्राफ साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है। नगर आयुक्त के द्वारा सिर्फ दिखावे के लिए दिनांक 05.02.2026 को ओडियो के माध्यम से एवं 12.02.2026 को Zee Bihar. Jharkhand न्यूज चौनल के माध्यम से वीडियो जारी कर

me copy Received
21/02/2026

कृ0पृ0उ0.....2

**दीक्षा भारती**
**वार्ड पार्षद**
वार्ड नं0– 13,
नगर निगम, सहरसा

**आवास :**
न्यू कॉलोनी, वार्ड नं0– 13,
सहरसा (बिहार)– 852201
मो0– : 9199990461
Email : chandansinghbjp04@gmail.com

पत्रांक –20

दिनांक 23/02/2026

02.

पोखर में फेंके जा रहे मेडिकल कचरे (सिरिंज, दवाई की बोतलें, पैड आदि) फेकनें की बात परिवादी सं0–04 नगर आयुक्त, सहरसा के द्वारा स्वीकारोक्ति की गई है । जिसका साक्ष्य ओडियो और विडियो के रूप में मौजूद है । फिर भी नगर आयुक्त के द्वारा दुषित पानी का निकासी नहीं करवाना एवं मेडिकल कचरा फेंक रहे लोगों पर कानूनी कार्रवाई नहीं करना नगर आयुक्त के नियत पर संदेह उत्पन्न करता है और आसपास के डॉक्टर से मिलीभगत को प्रमाणित करता है । पोखर में वर्तमान में किये जा रहे कार्य सिर्फ दिखावे और कोर्ट को बरगलाने एवं सरकारी राशि के लूट के मंशा से की जा रही है । पोखर में किये जा रहे कार्य की गुणवक्ता की जांच वर्त्तमान उप विकास आयुक्त (DDC), सहरसा के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच कराई जाए जिससे पोखर की सफाई ईमानदारी से हो सके एवं वार्ड की जनता को भविष्य में छठ मनाने का मौका मिल सके । वर्त्तमान स्थिति में पोखर के दुषित पानी के कारण लोगों में चर्मरोग एवं गंभीर बीमारी होने की आशंका है, इसलिए पोखर के दुषित पानी की पूर्णतः निकासी कराकर 2 फीट मिट्टी की कटाई करवाकर, लोकल बालू डलवाने के बाद ही पोखर को सुरक्षित घोषित कर छठ मनाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ।

अतः इसके लिए श्रीमान् की आभारी रहूँगी ।

विश्वासभाजिका

दीक्षा भारती
23/02/2026

**दीक्षा भारती**
**वार्ड पार्षद, वार्ड स0–13**
**नगर निगम, सहरसा**


प्रतिलिपि :–

1. HON'BLE MR. JUSTICE ARUN KUMAR TYAGI, JUDICIAL MEMBER
2. HON'BLE MR. ISHWAR SINGH, EXPERT MEMBER
The National Green Tribunal EASTERN ZONE BENCH Kolkata

Email के माध्यम से प्रेषित ।

वार्ड सं0-13, न्यू कॉलोनी पोखर










वार्ड नं-13, न्यूबाजार पोखर













दीक्षा भारती
23/02/2026






Nov 2024 11:01:26 am
Naya Bazaar Road
Naya Bazar
Saharsa
Kosi Division
Bihar


Naya Bazar
Saharsa
Kosi Division
Bihar